जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/अकादमी/शोध/2015/ 3669 दिनांक : 12.03.2015

// अधिसूचना //

प्री पी–एच.डी. परीक्षा 2014 से सम्बन्धित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि रिसर्च मैथोडोलॉजी की परीक्षा माह अप्रेल 2015 में आयोजित की जावेगी जिसकी सूचना यथा शीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड की जावेगी। कोर्स–वर्क परीक्षा के दो पेपर होगे।

(1) रिसर्च मैथोडोलॉजी

(2) रिव्यु औफ द पब्लिशड रिसर्च इन द रिलीवन्ट फील्ड

जिसमें रिसर्च मैथोडोलॉजी 100 अंकों की एक लिखित परीक्षा एवं 100 अंकों का संबंधिति विषय में रिव्यु ऑफ लिटरेचर वर्क होगा। रिसर्च मैथोडोलॉजी में 36 प्रतिशत अंक एवं रिव्यु ऑफ पब्लिशड रिसर्च इन द रिलीवन्ट फील्ड में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। रिव्यु ऑफ लिटरेचर वर्क मार्गदर्शक के माध्यम से मूल्यांकन उपरान्त प्राप्तांकों सहित माह अप्रेल 2015 में शोध शाखा (अकादमी विभाग) जीवाजी विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। रिसर्च मैथोडोलॉजी एवं रिव्यु ऑफ द पब्लिशड रिसर्च इन द रिलीवन्ट फील्ड के मूल्यांकन के आधार पर शोधार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जावेगा।

2. मार्गदर्शक एवं स्थानों की उपलब्धता के आधार पर द्वितीय काउन्सिलिंग आयोजित की जा चुकी है तथा शेष विषयों की आयोजित की जा रही है जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर देखी जा सकती है।

3. ऐसे शोधार्थी जिन्हें द्वितीय काउन्सिलिंग में मार्गदर्शक उपलब्ध करा दिये गये है उनके लिए दिनांक 23.03.2015 से कोर्स–वर्क आयोजित किया जा रहा है अतः वे निर्धारित राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला से सम्पर्क कर कोर्स–वर्क में सम्मिलित हो। कोर्स–वर्क में सम्मिलित होने से पूर्व कोर्स–वर्क में सम्मिलित होने का सशुल्क आवेदन–पत्र शोध शाखा (अकादमी विभाग) में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

कुलसचिव

प्रति

1. विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त मार्गदर्शक एवं शोधार्थियों की ओर सूचनार्थ।
3. श्री संजय बरतरिया की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करे।
4. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप–कुलसचिव (अकादमी)